समाचार

स्वच्छता का महाअभियान

वार्ड क्र. 23 में किया गया विशेष साफ–सफाई का कार्य

(विशेष सफाई कार्यो के साथ ही डोर–टू–डोर पहुंची निगम की टीम, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक)

(निगम के अधिकारी व रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी स्वच्छता कार्यो में दी सहभागिता)

कोरबा 07 मार्च 2022 – स्वच्छता महाअभियान के दौरान वार्ड क्र. 23 अंतर्गत आने वाले प. रविशंकर शुक्ल नगर से होते हुए वाल्मिकी आवास कालोनी तक के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, सफाई कार्यो के साथ–साथ घर–घर पहुंचकर कालोनीवासियों को स्वच्छता में सहयोग देने व सफाई कार्यो के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया गया। रोटरी क्लब के सदस्यों ने महाअभियान में आज भी अपनी सहभागिता दी तथा साफ–सफाई व जनजागरूकता संबंधी कार्यो में भागीदारी निभाई।

यहॉ उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 10 फरवरी से 31 मार्च तक निर्धारित कार्ययोजना के तहत कोरबा शहर में स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड क्र. 23 अंतर्गत आने वाले प.रविशंकर शुक्ल नगर से होते हुए वाल्मिकी आवास कालोनी तक के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव, उत्सर्जित कचरे व मलवे का तुरंत उठाव व परिवहन सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यो को विशेष अभियान के रूप में संपादित कराया गया। वहीं पार्षद अब्दुल रहमान, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.

संजय तिवारी, सुनील वर्मा, अनिरूद्ध सिंह, लीलाधर पटेल, आकाश अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल व उनकी टीम के सदस्य एवं रोटरी क्लब के सदस्यों ने स्वच्छता मित्रों के साथ मिलकर सफाई का कार्य भी किया।

सफाई व जनजागरूकता कार्य एक साथ– स्वच्छता महाअभियान के तहत विशेष साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ निगम के अधिकारियों, पी.आई.यू., स्वच्छता कमांडो व रोटरी क्लब के सदस्यों के द्वारा डोर–टू–डोर भ्रमण कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया, टीम के सदस्यों ने घर–घर पहुंचकर बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे घर से निकले हुए कचरे को सड़क, नाली में न डाले, सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शे में कचरे को डाले तथा अपने बस्ती व शहर की स्वच्छता एवं निगम के सफाई कार्यो में अपना सहयोग दें।

रोटरी क्लब लगातार दे रहा सहयोग – स्वयंसेवी संगठन रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आज भी निगम के स्वच्छता महाअभियान मे अपनी सक्रिय सहभागिता दी। क्लब के पदाधिकारी पारस जैन, विक्रम अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, नितिन चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल, प्रशांत मुरारका, पवन अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया, जनजागरूकता टीम के हिस्सा बने तथा डोर–टू–डोर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।